**खबर संक्षेप**

### राशनधारी हितग्राही 31 मई तक कराएं ई-केवाईसी

**शहडोल।** जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में प्राथमिकता परिवारों को 05 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य व अन्त्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है साथ ही समस्त हितग्राहियों को नमक का वितरण 1 रूपये प्रति किलो की दर से एवं अन्त्योदय परिवारों को शक्कर का वितरण 20.00 रूपये प्रति किलो की दर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों की ईकेवाईसी 31 मई 2025 तक नही हो पाएगी उन्हे आगामी माह से खाद्यान्न प्राप्त नही होगा। जिन परिवारों के किसी सदस्य की मृत्यु हो गई है या किसी लडक़ी की शादी होकर ससुराल चली गई है, ऐसे परिवार ग्राम पंचायतों में सचिव/जीआरएस और नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका में जाकर ऐसे सदस्यों के नाम हटवा लें अन्यथा सभी सदस्यों की मालब नहीं हो ने से उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध होने में परेशानी होगी। ऐसे हितग्राही जिनके परिवार के सभी सदस्यों की ईकेवाईसी नही हुई है वे उचित मूल्य दुकान के विक्रेता से सम्पर्क कर दिनांक 31 मई के पूर्व ईकेवाईसी अनिवार्य रूप से करा ले अन्यथा हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

### समग्र ई-केवायसी में प्रगति लाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने समग्र ई-केवायसी के प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होनें जनपद पंचायतवार एवं नगरीय निकायवार प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों से ऑनलाइन चर्चा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, ज्योति परस्ते सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### संदिग्ध अवस्थ में मिला प्रेमियों का शव

**मानपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवेई नदी से सटी झाड़ियों में प्रेमी-प्रेमिका का शव मिलने से सनसनी फैली गई, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवम पिता संतोष साहू उम्र 24 निवासी दुलहरा एवं मनोरमा पिता अनिल वर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी मानपुर की बताई जा रही है। दोनों प्रेमियों की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, फिलहाल साफ नही है। घटना की जानकारी के बाद घटना स्थल पुलिस पहुंची है और जरूरी कार्यवाही कर रही है। खबर है कि दोनों प्रेमी पिछले चार से पांच दिनों से लापता रहे है, ऐसे में सन्दिग्ध परिस्थितियों में इन दोनों प्रेमियों का शव मिलना गंभीर अपराध की ओर इंगित करता है। बताया गया कि घटना स्थल पर इन दोनों प्रेमियों का शव करीब 50 मीटर की दूरी पर है, इसके अलावा खबर यह भी है कि प्रेमियों की मौत के बाद मांसाहार जानवरो ने मृत इंसानी भक्षण भी किया है, जिससे शरीर का कई अंग शव से पृथक भी है।

## राजस्व, पुलिस, खनिज और कॉलरी प्रबंधन का परोक्ष योगदान

# बाबूलाल मैदान को निगल रही, ईंटों की अवैध खदान

### 10 एकड़ से अधिक भूमि पर खाई खोदकर ईंटों का निर्माण और व्यवसाय

**धनपुरी।** नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड नंबर 25 में स्थित बाबूलाल खेल मैदान पिछले 50 वर्षों से नगर के खेल प्रेमियों के आकर्षण का केन्द्र रहा है। इस खेल मैदान में न जाने कितने जिला जिला स्तरीय खेल, क्रिकेट मैच फुटबॉल मैच खेले गए और इस खेल मैदान ने न जाने कितनी ही खेल प्रतिभाओं को जन्म देकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने के लायक बनाया है। इसके अतिरिक्त धनपुरी नगर में खेल मैदान के दाम पर ऐसा कोई खेल मैदान नहीं है जहां पर सुबह शाम नगरवासी और उनके बच्चे अपना हुनर दिखा सके।

### यह कैसा सौंदरीकरण

नगर पालिका ने सौदरीकरण के नाम पर करोड़ों अरबों रुपए खर्च कर दिए लेकिन धनपुरी नगर पालिका के वार्डो में कहीं भी एक खेल मैदान भी देखने को नहीं मिलता, जहां पर बच्चों को खेलने और अपने खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके। बाबूलाल खेल मैदान जहां सुबह शाम बच्चे फुटबॉल टूर्नामेंट, क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करते देखे जाते हैं, उस मैदान पर ईट माफियाओं के द्वारा सेंध लगाया जा रहा है। नगर सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपए का बजट लुटाती नगरपालिका और उसके ओहदेदारों को इस बात की कतई चिंता नहीं है कि नगर का धरोहर और खेल प्रतिभाओं को निखारने का एकमात्र माध्यम बाबूलाल खेल मैदान अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। मैदान के अस्तित्व पर ग्रहण लगाने वाले ईटों के अवैध निर्माण कर्ताओं और व्यवसायियों पर अंकुश लगाने की दिशा में कभी कोई पहल नहीं की गई।

### बड़ी खाई हो रही तैयार

अवैध रूप से ईटो के निर्माण के लिए बड़ी-बड़ी मशीनें लगाकर मिट्टी की खुदाई किए जाने से बहुत बड़ी खाई बनकर तैयार हो रही है, जिसके कारण बाबूलाल खेल मैदान की मिट्टी धीरे-धीरे खिसक कर उसी खाई में समाती जा रही है। यह एक ऐसी खाई है जिसमें नगर के कुछ नामी-गिरामी ईट व्यवसायियों के साथ ही सैकड़ों की तादाद में बेलदार ईटों का निर्माण कर उसका कारोबार करते हैं और खुद लाखों की कमाई कर बाबूलाल मैदान का अस्तित्व मिटाने पर आमादा हैं। हालात यदि यही बने रहे तो निकट भविष्य में बाबूलाल खेल मैदान दुर्घटनाओं और हादसों की आशंका का केंद्र बनकर रह जाएगा जहां बच्चे जाएंगे तो खेलने, लेकिन कब किस हादसे का शिकार हो जाएंगे किसी को जानकारी नहीं है।





### मुफ्त का कोयला, मिट्टी और जमीन

गौरतलब है कि बाबूलाल मैदान और उससे लगी हुई एक बड़ी आराजी शासकीय स्वामित्व की भूमि है, और इसी शासकीय भूमि के 1 बड़े भाग यानी लगभग 10 एकड़ जमीन पर स्थानीय सफेदपोश कारोबारियों द्वारा ईटों के अवैध निर्माण का व्यवसाय किया जा रहा है। सवाल यह उठता है कि बाबूलाल मैदान के पास ही क्यों ईटों का अवैध निर्माण हो रहा है? इसके जवाब में एक ही बात सामने आती है, वह यह कि कालरी से चोरी कर निकाला जाने वाला मुफ्त का कोयला, शासकीय स्वामित्व की मुफ्त की जमीन और मिट्टी तथा कालरी का ही पानी मिलने का इससे अच्छा स्थान और कहीं हो ही नहीं सकता है। खेल मैदान से लगी भूमि पर दर्जनों की संख्या में ईट माफियाओं के द्वारा ईट का व्यापार धड़ल्ले से वर्षों से कर चोरी का ट्रकों कोयला प्रतिदिन खपाया जा रहा है।

### चोर नहीं चोरों जैसा काम

ईंटों के इस अवैध कारोबार में शासकीय विभाग और एसईसीएल सोहागपुर एरिया मैनेजमेंट के साथ ही नगरीय निकाय की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है इसकी वजह यह है कि अपराधी सिर्फ अपराध कार्य करने वाला नहीं होता बल्कि अपराध में सहयोग देने वाला भी अपराधी ही माना जाता है और वह भी उसके समान दंड का भागीदार होता है। ईंट पकाते समय प्रदूषण से खेल प्रेमियों को भी परेशानी होती है, वहीं वार्ड नंबर 25 के निवासी भी प्रदूषण से परेशान देखे जाते हैं। ईंट उद्योग बाबूलाल मैदान सटी हुई जमीन को जेसीबी मशीन से खोदकर सैकड़ों ऱ्इंट भट्टा संचालित कर जमीन को खदान नुमा बना दिया गया।

### पांच विभाग जिम्मेदार

बाबूलाल मैदान के पास कोयले के अवैध निर्माण और व्यवसाय के मामले में राजस्व विभाग के पटवारी से लेकर तहसीलदार तक खनिज विभाग के निरीक्षक और अधिकारी तक, पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मैदानी अमले और अधिकारी के साथ ही एरिया मैनेजमेंट और उसकी सुरक्षा का दायित्व निभाने वाली सीआईएसएफ कंपनी के मैदानी अमले और अधिकारियों को भी सामान्य रूप से जिम्मेदार माना जा सकता है, क्योंकि हल्का पटवारी अथवा राजस्व निरीक्षक में कभी शासकीय भूमि का दुरुपयोग रुकने की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की, खनिज विभाग द्वारा बिना अनुमति निर्मित किए जा रहे ईटों और ईट भ_ा के खिलाफ कार्यवाही की जहमत नहीं उठाई गई, पीसीबी द्वारा भी खेल मैदान और स्थानीय पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे इन अवैध ईंट भट्टों पर नकेल कसने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया सबसे अधिक जिम्मेदार तो सीआईएसएफ कंपनी को माना जा सकता है जो एसईसीएल से काली जी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के नाम पर भारी भरकम राशि बसंती है लेकिन उसकी सुरक्षा के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। प्रतिदिन हजारों बोरियां कोयला निकलकर घर घर पहुंच रहा है ईट भट्टों में पहुंच रहा है जिसे रोकने की कभी जरूरत ही महसूस नहीं की गई यही स्थिति पुलिस विभाग की भी है सुबह से लेकर शाम तक लोग बोरियों में भरकर कोयला लेकर निकलते हैं घरों के सामने सिगड़ी जलाते पुलिस विभाग के किसी भी बंदे ने यह पूछने की कोशिश नहीं की कि जब कोयला प्रतिबंधित है तो कहां से लाकर इसका इस्तेमाल किया जा रहा है ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है।

### कालरी मैनेजमेंट भी जिम्मेदार

यह बात आए दिन सामने आती है कि एसईसीएल सोहागपुर एरिया करोड़ों रुपए के घाटे में चल रही है। इस घाटे का कारण क्या है यह जानने की जरूरत शायद मैनेजमेंट के अधिकारियों ने महसूस नहीं की, अन्यथा उन्हें एक नजर में ही समझ में आ जाता कि प्रतिदिन हजारों बोरियां कोयला जो ट्रकों में भरकर पार किया जाता है अथवा ईट भ_ों में खपाया जाता है, और लोग घरों में सिगड़ी में उपयोग कर रहे हैं अगर इस पर वास्तव में नियंत्रण स्थापित कर लिया जाए तो काफी हद तक घाटा पूरा किया जा सकता है। इसके लिए मैनेजमेंट द्वारा सीआईएसएफ कंपनी को सुरक्षा का ठेका भी दिया गया है लेकिन यह कंपनी और इसके कर्ताधर्ता मुफ्त का पैसा वसूलने तक ही सीमित हैं। उधर कंपनी से मुफ्त का पैसा सुरक्षा के नाम पर वसूल रहे हैं, तो इधर कोयले के अवैध कारोबारियों, ईट भ_ा संचालकों और रोजमर्रा कोयला बेचकर अपनी रोजी-रोटी चलाने वाले लोगों से अवैध वसूली कर अपनी तोंद मोटी करने में ही सीआईएसफ कंपनी के जवान लगे हुए हैं। यदि इन पर अंकुश नहीं लगाया जाता तो यह अवैध कारोबार दिनों दिन फलता फूलता रहेगा।

# अधिकारी समय-सीमा में शिकायतों का करें निराकरण: कमिश्नर



**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में बुढ़ार के वार्ड नंबर 07 निवासी प्रेमचन्द्र मिश्रा ने आपनी आयकर को पैन कार्ड में दर्शाने हेतु, गोहपारू तहसील की ग्राम पचांयत देवगढ़ निवासी शैलेश कुमार मिश्रा ने बंद विद्युत सप्लाई को पुनः चालू कराने बावत, सफीका बेगम पति शेख निजाम निवासी वार्ड नंबर 19 धनपुरी ने गरीबी रेखा (बीपीएल) का कार्ड बनवाने के लिए, श्रीमती ऊषा सिंह सेवा निवृत्त पर्यवेक्षक बाल विकास परियोजना सोहागपुर शहडोल ने समयमान, वेतनमान संशोधित कराने हेतु, अनूपपुर जिले के विकास खंड जैतहरी की ग्राम पंचायत ताराडाड़ निवासी श्रीमती दशोरिया कोल ने पेयजल संकट को दूर करने हेतु आवेदन कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता को दिए। जिस पर कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जिस पर कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण के तहत खेल विधाओं का दिया गया प्रशिक्षण

**शहडोल।** मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण युवाओं को निःशुल्क खेल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संभागीय मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में कोच धीरेंद्र सिंह (एन आई एस) एथलेटिक्स कोच द्वारा खिलाडिय़ों को प्रशिक्षण दिया गया।

इसी प्रकार शासकीय रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल मैदान में युवाओं को कबड्डी खेल सहित अन्य खेल विधाओं का प्रशिक्षण युवाओं को दिया गया। गौरतलब है कि 12 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।



### कलेक्टर ने दूर-दराज से आए लोगों की सुनी समस्याएं

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले की गोहपारू तहसील की ग्राम पंचायत तेरसी बैगा ने पति संतोष बैगा की मृत्यु के बाद अपने पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने बावत, तहसील सोहागपुर की ग्राम पंचायत पिपरिया की समस्त ग्रामवासियों ने समर्शियल पंप लगवाने हेतु, निर्मल सिंह पिता नाहर सिंह निवासी वार्ड नं. 29 शहडोल ने आर्थिक सहायता प्राप्त करने बावत, सोहागपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कल्याणपुर निवासी दयाशंकर ने अग्नि दुर्घटना में वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु, सोहागपुर तहसील की ग्राम पंचायत सिंदुरी चुनिया निवासी रामावतार पटेल ने गरीबी रेखा की सूची में नाम जुड़वाने हेतु तथा मीना सिंह पति स्व. राजू सिंह निवासी ग्राम पंचायत नवा टोला तहसील बुढ़ार ने पति की मृत्यु के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन कलेक्टर डॉ केदार सिंह को दिए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जन सुनवाई में अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए।

## हाथियों के पैरों तले दबने से हुई तीन मौतों के बाद बढ़ाई गई गश्त

### बीटीआर बांधवगढ़ से भेजा गया 30 सदस्यीय रेस्क्यू टीम

**शहडोल।** जिले में विगत दिवस ब्यौहारी वनपरिक्षेत्र अंतर्गत जंगली हाथियों के पैरों तले दबने से तीन लोगों की मौत हुई थी। जिन क्षेत्रों में यह घटना घटी थी, वहां वन विभाग द्वारा अलर्ट जारी कर गश्त बढ़ा दी गई है। बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया से 30 सदस्यीय रेस्क्यू दल भेजा गया है। जिसमें दो हाथी दल तथा पिंजरा भी शामिल है। जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में जंगली हाथियों के हमले से तीन ग्रामीणों की मौत के बाद वन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को सनौसी और डोडा के जंगल में हुई इस घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जांच के निर्देश दिए।

### आठ सदस्यीय विशेष टीम का गठन

वन विभाग ने आठ सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया है। इसमें संजय टाइगर रिजर्व और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक, उपसंचालक और डॉक्टर शामिल हैं। रेस्क्यू के लिए दो हाथियों को चिन्हित किया गया है। संजय टाइगर रिजर्व की टीम इन हाथियों पर निगरानी रख रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक, हाथियों को छेडऩे, खदेडऩे या परेशान करने पर वे आक्रामक हो जाते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने कहा कि रेस्क्यू टीम पूरी तरह तैयार है और सतर्क निगरानी के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा।

### 25-25 लाख की सहायता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के ब्यौहारी क्षेत्रांतर्गत तेंदूपत्ता तोडऩे गए ग्रामीणों पर हाथियों के हमले में तीन ग्रामीणों की मृत्यु होने पर वन विभाग की टीम को हादसे की जांच करने के निर्देश तथा प्रत्येक मृतक के वैध आश्रित परिजन को 25-25 लाख की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश भी दिए हैं।

# धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर दर्ज आपराधिक परिवाद की सुनवाई टली




**शहडोल।** बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा महाकुंभ 2025 के संदर्भ में दिए गए एक कथित भडक़ाऊ और असंवैधानिक बयान पर दायर आपराधिक परिवाद की सुनवाई अब 2 जून 2025 को होगी। शहडोल के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत में 20 मई को इस मामले की सुनवाई निर्धारित थी, लेकिन माननीय न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी और अगली तारीख 2 जून दी गई है।

### क्या है मामला

महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कथित तौर पर कहा था, महाकुंभ में हर व्यक्ति को आना चाहिए, जो नहीं आएगा वह पछताएगा और देशद्रोही कहलाएगा, इस बयान को लेकर शहडोल निवासी अधिवक्ता संदीप तिवारी ने गंभीर आपत्ति जताई थी, उनका कहना है कि यह बयान न केवल असंवैधानिक है बल्कि सामाजिक वैमनस्य और धार्मिक भावनाओं को भडक़ाने वाला भी है। अधिवक्ता संदीप तिवारी ने इस मामले को लेकर सबसे पहले 4 फरवरी 2025 को थाना सोहागपुर, जिला शहडोल में लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर मामला पुलिस अधीक्षक, शहडोल को संदर्भित किया गया, जब वहां से भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो अधिवक्ता ने 3 मार्च 2025 को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, शहडोल की अदालत में आपराधिक परिवाद प्रस्तुत किया,माननीय न्यायालय ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद परिवाद को स्वीकार करते हुए पंडित धीरेंद्र शास्त्री को 20 मई 2025 को अदालत में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिए विधिवत नोटिस जारी किया था।

### अब 2 जून को होगी अगली सुनवाई

20 मई को इस प्रकरण की सुनवाई निर्धारित थी, उस समय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शहडोल के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अधिवक्ता संदीप तिवारी ने जानकारी दी कि अब अदालत ने इस प्रकरण की अगली सुनवाई की तारीख 2 जून 2025 तय की है। अब देखना होगा कि 2 जून को न्यायालय में क्या रुख सामने आता है और पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओर से क्या स्पष्टीकरण या जवाब पेश किया जाता है। मामला जनभावनाओं और अभिव्यक्ति की मर्यादा से जुड़ा होने के कारण इस पर देशभर की निगाहें टिकी हुई हैं।

# जल के संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्य

**शहडोल।** जल है जीवन की धारा, कल का यही सहारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा सवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। शहडोल जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जा रहे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावडिय़ों और कुंओं का जीर्णोद्धार का कार्य भी किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत बरमनिया,देवरी बुढार जनपद पंचायत के रूपौला सहित अन्य ग्राम पंचायतों में नवीन खेत तालाब के कार्य किये गए।



## खबर संक्षेप

### रीवा में वन विभाग की संभाग स्तरीय कार्यशाला

**उमरिया।** संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग तथा अनुसूचित जाति विकास श्रीमती ऊषा सिंह ने बताया है कि वनाधिकार अधिनियम 2006 के संबंध में संभाग स्तरीय कार्यशाला 22 एवं 23 मई 2025 को रीवा में विंध्या रिट्रीट आरटीओ कार्यालय के पीछे रतहरा तिराहा रीवा में आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रतिभागी सम्मिलित होंगे।

### 26 मई को कार्यपालिका समिति की बैठक

**उमरिया।** जिला खनिज प्रतिष्ठान योजना के तहत पूर्व में स्वीकृत अधूरे कार्यो की समीक्षा, वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन , वर्ष 2025-26की वार्षिक कार्य योजना तैयार कराने के संबंध में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में बैठक 26 मई को टी एल बैठक पश्चात कलेक्टर सभागार में कार्यपालिका समिति की बैठक आयोजित की गई है ।

### टैलेन्ट सर्च बैटरी टेस्ट एवं प्रतियोगिता के माध्यम से मिनी, जूनियर, सीनियर वर्गों में खिलाडी चयन पूर्ण किया जाएगा

**उमरिया।** प्राचार्य बालक क्रीड़ा परिसर ने बताया कि वर्ष 2025-26 में बालक क्रीड़ा परिसर उमरिया (भरौला), जिला उमरिया में जनजातीय वर्ग के प्रवेश प्रक्रिया टैलेन्ट सर्च बैटरी टेस्ट एवं प्रतियोगिता के माध्यम से मिनी, जूनियर, सीनियर वर्गों में खिलाडी चयन कर पूर्ण किया जाना है। बालक क्रीड़ा परिसर उमरिया में विद्यार्थियों का प्रवेश संचालित खेल विधा बॉक्सिंग एवं हॉकी में विकास खण्ड एवं जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर कक्षा 6वी से 9वी तक के विद्यार्थी खिलाडियो का चयन किया जाएगा। कक्षा 9वी के बाद के खिलाडी का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल परिणाम के आधार पर किया जाएगा। मिनी समूह में 11 से 14 वर्ष विद्यार्थीं को, जूनियर समूह में 14 से 16 वर्ष के विद्यार्थीयों को एवं सीनियर समूह में 16 से 18 वर्ष के विद्यार्थियों को रखकर चयन किया जाएगा। प्रवेश हेतु समय-सारणी निर्धारित की गई है जिसमें आवेदन की तिथि 10 जून तक, विकासखंड एवं जिला स्तमर पर चयन प्रक्रिया 15 जून से 25 जून तक तथा क्रीड़ा परिसर में प्रवेश 1 जुलाई निर्धारित की गई है । उन्होने बताया कि बाक्सिंग , हाकी एवं एथलेटिक्स विधा से संबंधित विद्यार्थियो, खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन सह पत्रों के साथ अरविंद शर्मा अधीक्षक, पीटीआई के पास जमा किया जा सकता है । अंतिम चयन सूची में नाम दर्ज करने से पूर्व मेडिकल टेस्ट कराना अनिवार्य होगा ।

### बहन की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदली

**कटनी।** एक परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बारात वापस लौट गई। यह घटना बरही थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि शादी की खरीददारी करके घर लौट रही बड़ी बहन की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने बड़े पिता के साथ शाम करीब सात बजे बरही से खरीददारी करके अपने मायके कुम्हरवारा लौट रही थी। जानकारी के अनुसार महिला दीपाली पति कोमल पटेल 28 अपने बड़े पिता के साथ बाइक से बाजार सामान खरीदने गई थी। लौटते समय वह हाइवा क्रमांक आरजे 11 जीए 9240 की चपेट में आ गई। इस हादसे में न तो मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हुई और न ही महिला के बड़े पिता को कोई चोट आई। गांव के अंदर हुए इस हादसे में जब हाइवा महिला को क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान वह उछल कर पहियों के नीचे चली गई और उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि वह कई दिनों से अपने पिता के साथ अपनी बहन के विवाह की तैयारियों में जुटी थी। कुछ दिन पहले ही वह अपनी ससुराल जटवारा से अपने अपने मायके कुम्हरवारा आई थी। शनिवार रात बारात आने वाली थी। शादी की तैयारियों को पूरा परिवार अंतिम रूप देने में लगा था। इसी बीच नियति को कुछ और ही मंजूर था। सामान लेकर घर लौटते समय घर से कुछ ही दूरी पर हादसा हो गया।

## नगर की सड़कों का हाल-बेहाल, गहरे हुए गड्ढे बिखरी गिट्टियां

# जन प्रतिनिधियों को नहीं रह गया विकास से कोई सरोकार



नौरोजाबाद। नगर परिषद नौरोजाबाद में विकास कार्य में ग्रहण लग गया है, नगर के अधिकतर इलाकों की सडक़ों पर गहरे गड्ढे सडक़ हादसों को दावत दे रहे हैं, नागरिक सडक़ों पर गड्ढों और बिखरी गिट्टियां परेशान हो गए हैं, परिषद के अंदर चल रहे हैं शीतयुद्ध के कारण विकास कार्य में ग्रहण लग गया है, जिस उम्मीद के साथ नगर की जनता ने अध्यक्ष का पार्षदों को चुनकर विकास कार्य करने के लिए भेजा है, लेकिन उस पर अंकुश लगा हुआ है, पूर्व में हुई खरीदी भी किसी से छुपी नहीं है, वह सामग्री कहां है, यह संभवत: किसी को पता नहीं है।

### बारिश के दिनों में लोगों को होगी दिक्कत

आने वाले महीने में बरसात शुरू हो जायेगी, नगर की सडक़ों पर उभरे गड्ढे और बिखरी गिट्टियां दुर्घटना का कारण बन सकती है, लोगो को सावधान रहने की आवश्यकता है, नगर की सडक़ों की हालत खस्ता है, बरसात में रात के समय ज्यादा खतरा होगा, जिसे लेकर नगर प्रशासन बेखबर है, खासकर दो पहिया, ऑटो और ई-रिक्शा वाहन के पलटने से लोग घायल और चोट लगने की भी संभावना बनी रहती है, जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के द्वारा अपने नगरवासियों की समस्या से कोई सरोकार नहीं रह गया है। नगर के कई वार्डों में सडक़ टूटी और जर्जर है, कई सडक़ों की वर्षों से मरम्मत नहीं की गयी है।



### पूर्व अध्यक्ष ने किया था विकास कार्य

पूर्व अध्यक्ष वर्तमान पार्षद सतीलाल बैगा के कार्यकाल में नगर परिषद में विकास हुआ था, उनके पंचवर्षीय कार्य में ऐसा कोई वार्ड नहीं था, जहां रोड का निर्माण कार्य न कराया गया हो, लोगों को किसी भी कार्य के लिए बोलना नहीं पड़ता था, पहले से ही विकास कार्य वार्ड में होने लगता था, वर्तमान में देखा जा रहा है कि नगर के कई प्रमुख मार्ग पर जहां पर लोगों का दिन-रात आना-जाना लगा रहता है, वहां से लोगो को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### नाली-रोड की है समस्या

विगत कई वर्षों से नाली एवं सडक़ मरम्मत के कार्य न होने से उन सडक़ का हाल बेहाल है, अच्छी खासी और नई गाडिय़ां भी कुछ सालों में ही काम मांगने लगती है, खराब रोड के कारण लोगों की गाडिय़ां बिगड़ती हैं एवं कहीं पंचर हो जाती है और कही लोग गिर जाते हैं , जिसके कारण नागरिकों को चोट लगती है और जान पर बन आती है, वहीं दूसरी ओर नालियों की मरम्मत न होने के चलते भी वार्डो में समस्या हो रही है।



# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आये लोगों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों को संबंधित विभाग की ओर प्रेषित करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए । जनसुनवाई में मनोज मिश्रा ग्राम दमोय ने राशन दुकान से राशन दिलाने, जगदीश पटेल ग्राम असोढ़ ने भूमियों का हिस्सा बांट कराने, राजेश पुरोहित, गुलाबचंद , राज कुमार , सुरेश ग्राम रायपुर ने बिजली के तार चोरी करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने, अरविंद कुमार निगम ग्राम बडछड ने भू राजस्व रिकार्ड में नाम सुधरवाने, नीलू साहू चंदिया ने राशन कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड बनाये जाने, विजय कोल , नानबूंदी बसोर ग्राम सिगुडी ने वनाधिकार के तहत पट्टा दिये जाने, कल्याण बाई ग्राम देवरी ने पति की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर सहायता राशि उपलब्ध कराने तथा सेवा चौधरी चंदिया ने अवैध निर्माण होने पर रोक लगाए जाने संबंध आवेदन दिया । जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारियों ने भी आम जनों की समस्याओं को सुना ।

## नगर परिषद मानपुर के भंडारी नदी में किया गया बोरी बंधान



**मानपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद मानपुर के वार्ड क्रमांक 15 में भंडरी नदी में बोरी बंधान कार्यक्रम नगर परिषद अध्यक्ष भारती सोनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष मानपुर ने कहा कि शासन की मंशानुरूप जल के संरक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे न केवल पर्यावरण सहेजा जा सकेगा, बल्कि भावी पीढिय़ों को स्वच्छ और सुरक्षित जल उपलब्ध कराया जा सकेगा। बोरी बंधान के बाद रूके हुए पानी का उपयोग पशु पक्षियों के साथ साथ आम जन भी कर सकेगे । मुख्य नगर पालिका अधिकारी मानपुर ने कहा कि जल संरक्षण कोई एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक प्रयासों से संचालित होने वाला दीर्घकालिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि आम जन इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। इससे यह अभियान एक महा-अभियान का स्वरूप ले चुका है। बोरी बंधान कार्यक्रम में स्वच्छता प्रभारी हरि गोविंद चतुर्वेदी , कार्यालय के सभी कर्मचारी स्टाफ सहित वार्डवासी उपस्थित रहे ।

## सीएमएचओ ने लक्ष्य कार्यक्रम के असेसमेंट तैयारी का किया अवलोकन

**मानपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.बी. चौधरी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर का भ्रमण कर लक्ष्य कार्यक्रम का अवलोकन किया गया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस बी चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत लक्ष्य कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रसव के दौरान देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करना है, जिससे मातृ और नवजात मृत्यु दर में कमी आए. यह कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को सुरक्षित और सम्मानजनक देखभाल प्रदान करता है. । लक्ष्य कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य मातृ और नवजात मृत्यु दर में कमी, प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम करके और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना,. प्रसूति देखभाल की गुणवत्ता में सुधार, प्रसव कक्ष, प्रसूति ऑपरेशन थियेटर और प्रसूति में बेहतर सुविधाओं और तकनीकों का उपयोग करना. सम्मानजनक मातृत्व देखभाल सभी गर्भवती महिलाओं को सम्मानजनक और व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रसव कक्ष, प्रसूति ऑपरेशन थियेटर और आवश्यक उपकरण और सुविधाएँ उपलब्ध कराना उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में लक्ष्य कार्यक्रम का असेसमेंट के पूर्व स्वास्थ्य अमले तथा नूरा के दीपक अधिकारी द्वारा कराई जा तैयारी का अवलोकन के चिन्हांकित कमियों को दूर करने के निर्देष दिए। अस्पताल में विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, दुरस्त रखने, भर्ती मरीजों को आवश्यक दवाईयां, भोजन समय से उपलब्ध कराया जाय, चिकित्सकों द्वारा रोज अस्पताल में भर्ती मरीजों का सुबह और शाम राउंड लेकर इलाज करवाया जाना हेतु निर्देशित किया गया भ्रमण के दौरान जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी श्रीमती प्रजीत कौर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जैसल बी इ इ शंकर काले स्टोर कीपर ओम गुप्ता एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।




### प्रतिष्ठित व्यवसाई के निधन पर शोक

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाईं पुरुषोत्तम अग्रवाल 67 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जहां पर व्यापारी समाज के लोग एवं नागरिक भारी संख्या में उपस्थित होकर नाम आंखों से विदाई दी गई। बताया जाता है कि पुरुषोत्तम अग्रवाल धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय रहकर कार्य करते थे। निधन पर नगरवासियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर के वार्ड क्रमांक 6 बस्ती में रहने वाले सुरेश गुप्ता की मां का 68 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। जहां पर समाज के लोगों एवं नागरिकों द्वारा शामिल होकर अंतिम विदाई दी गई।

# सांस्कृतिक रंगमंच में मेंटेनेंस के नाम पर पैसे की होली



### सेमरा में भ्रष्टाचार का खेल

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** जनपद पंचायत बदरा अनूपपुर के ग्राम पंचायत सेमरा में सचिव एवं सरपंच के भ्रष्टाचार को नाकाबिले बर्दाश्त करते हुये अब ग्रामवासियों ने इनके काले कारनामों के चिटठे खोलते हुये आपस में चर्चा कर रहे हैं और लगाये गये फर्जी बिलो को दिखा रहे हैं। जनपद पंचायत बदरा अनूपपुर के ग्राम पंचायत सेमरा के सरपंच श्रीमती तीजन पुरी एवं सचिव उत्तमलाल पटेल के द्वारा वर्षो से बटोरी गई। शासकीय राशि पर अब यहां की आवाम सवाल उठाना खड़ा कर दी है, सवाल भी जायज है, क्योंकि जो राशि गांव के विकास के लिये आई हुई है। यहां पर पदस्थ सरपंच एवं सचिव इसका पूरी तरह से दुरूपयोग कर रहे हैं। इसके पहले भी यह पंचायत अखबार की सुर्खियों में रहा है। अब सांस्कृतिक रंग मंच के मेंटीनेंस के नाम पर भुगतान का मामला सामने आया है, जो जांच का विषय है।

### कागजों पर मेंटेनेंस, धरातल पर कुछ नहीं

ग्राम पंचायत के द्वारा सांस्कृतिक मंच के नाम 49,970 रुपये का भुगतान कर दिया गया है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार सांस्कृतिक रंग मंच के मेंटीनेंस का कार्य कागजों तक ही सीमित रहा है। वास्तविकता में मंच की दीवारें और फर्स वैसी की वैसी टूटी हुई हैं, और सरपंच, सचिव इंजीनीयर से सांठ गांठ कर सरकारी राशि को निकालना निरंतर जारी किये हुये हैं। इससे संबंधित दस्तावेज भी केवल कागज पर मौजूद हैं। और सच्चाई से कोसों दूर हैं। संपर्क से कोसो दूर रहते हैं। सरपंच, सचिव व इंजिनीयर क्षेत्र में हुये कार्यो को लेकर जब ग्रामीण, जनप्रतिनिधि व पत्रकार जिम्मेदारों से संपर्क साधने का प्रयास करते हैं। तो इनके द्वारा कभी भी फोन करने पर काल नहीं उठाया जाता है। ग्राम पंचायत सेमरा में भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। लेकिन सरपंच और सचिव इन शिकायतों को अनदेखा कर रहे हैं। जब भी जनता और पत्रकार किसी मुद्दे को लेकर संपर्क करते हैं तो उनका फोन उठाना तो दूर, अक्सर कॉल काट दिया जाता है। इस लापरवाही से यह साफ जाहिर होता है। कि कहीं न कहीं इस भ्रष्टाचार में इनकी मिलीभगत हो सकती है।

### कब तक चलेगा यह भ्रष्टाचार

ग्राम पंचायत सेमरा में लगातार भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन उच्च अधिकारी अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर पाए हैं। यह सवाल उठता है, कि क्या इस भ्रष्टाचार में उच्च अधिकारियों का संरक्षण है। जिसके कारण अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जनता और पत्रकार इस बात को लेकर चिंतित हैं। कि उच्च अधिकारियों द्वारा कब तक इस मामले पर कार्रवाई की जाएगी और क्या सचिव साहब को इस भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। अब देखना यह है, कि इस मामले पर कब तक जिम्मेदार अधिकारियों से कार्रवाई की उम्मीद की जा सकती है और क्या अंततः भ्रष्टाचार की कड़ी से कुछ बदलाव आएगा।

### इनका कहना है

आपके द्वारा जानकारी मिली है, इसकी जांच करवाई जायेगी।

**ऊषा किरण गुप्ता, सीईओ**
**जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा)**

## 10 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन



उमरिया। सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत संचालित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन कार्यक्रम कैंप कम्युनिटी यूथ लीडर सुजल विश्वकर्मा द्वारा समुदाय में वार्ड नंबर 01 सूखा में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को जीवन कौशल, रचनात्मक गतिविधियाँ एवं टीमवर्क सिखाया गया। समर कैंप में 6 से 18 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। कैंप का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। सीवायएल ने अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाते हुए पूरे कैंप का आयोजन सफलतापूर्वक किया। बच्चों ने खेल, चित्रकला, समूह चर्चा और कहानी लेखन जैसी गतिविधियों में भाग लिया। जीवन कौशल के तहत निर्णय लेना, समस्या समाधान, भावनात्मक समझ आदि विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। कैंप के माध्यम से बच्चों को सामाजिक व्यवहार और अनुशासन भी सिखाया गया। स्थानीय अभिभावकों ने भी कैंप में आकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं और सीखी गई बातों को साझा किया गया। सीवायएल द्वारा तैयार की गई गतिविधियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कैंप ने बच्चों को छुट्टियों में रचनात्मक ढंग से समय बिताने का अवसर दिया और सीवायएल की समुदाय में भूमिका को और मजबूत किया। समर कैंप सक्षम कार्यक्रम की सफलता और युवा नेतृत्व की मिसाल बन गया । कार्यक्रम के समापन में वार्ड नंबर एक की पार्षद सोना सिंह तथा तरुण सेवा समिति प्रमुख कृष्णा विश्वकर्मा जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक पुष्पा मैडम व सक्षम प्रोग्राम के ब्लॉक मैनेजर संदीप शुक्ला इन सब के द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु बच्चों को कॉपी पेन मारकर व ट्रॉफी वितरण कर समर कैंप का समापन किया गया ।

### नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण उपरांत बांटे गये प्रमाण पत्र



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा परम आदरणीय श्रीमती शशि दुहन और उनके सहयोगियों के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए जमुना कोतमा क्षेत्र की अलंकृता महिला समिति द्वारा छह माह के नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण उपरांत तृतीय बैच के सभी 11 प्रशिक्षणार्थीयों को महिला सशक्तिकरण मुहीम के अंतर्गत आत्मनिर्भर बनाने हेतु 19/05/2025 को वीआईपी गेस्ट हाउस, भालूमाड़ा में कंप्यूटर प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इन सभी प्रशिक्षणार्थीयों को प्रमाण पत्र के अलावा नोटपैड, पेन, फाइल, स्वल्पाहार एवं मैंगो जूस भी दिया गया। इन प्रशिक्षणार्थीयों को कंप्यूटर प्रशिक्षक श्रीमती कंचन सोनी द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान अपने उदबोधन में अलंकृता महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती किशोरी त्रिपाठी ने सभी प्रशिक्षणार्थीयों को अपना स्वरोजगार प्रारंभ कर आत्मनिर्भर बनने एवं समाज में महिला सशक्तिकरण के मुहीम को आगे बढ़ाने की सलाह दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अलंकृता महिला समिति के सदस्या श्रीमती रुना रंजन, श्रीमती डेजी कुमार, श्रीमती दानेश्वरी कुमार, श्रीमती अंजू दयाल, श्रीमती रितु वाडेकर, श्रीमती सुमित्रा प्रसाद, श्रीमती मीना गोपाल त्रिपाठी, श्रीमती उषा प्रसाद, श्रीमती जयश्री मजूमदार, श्रीमती दया द्विवेदी, श्रीमती कमलश्री जैन एवं श्रीमती सविता गर्ग भी उपस्थित थे ।

## खबर संक्षेप

### बहन की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदली

**कटनी।** एक परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बारात वापस लौट गई। यह घटना बरही थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि शादी की खरीददारी करके घर लौट रही बड़ी बहन की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने बड़े पिता के साथ शाम करीब सात बजे बरही से खरीददारी करके अपने मायके कुम्हरवारा लौट रही थी। जानकारी के अनुसार महिला दीपाली पति कोमल पटेल 28 अपने बड़े पिता के साथ बाइक से बाजार सामान खरीदने गई थी। लौटते समय वह हाइवा क्रमांक आरजे 11 जीए 9240 की चपेट में आ गई। इस हादसे में न तो मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हुई और न ही महिला के बड़े पिता को कोई चोट आई। गांव के अंदर हुए इस हादसे में जब हाइवा महिला को क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान वह उछल कर पहियों के नीचे चली गई और उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि वह कई दिनों से अपने पिता के साथ अपनी बहन के विवाह की तैयारियों में जुटी थी। कुछ दिन पहले ही वह अपनी ससुराल जटवारा से अपने अपने मायके कुम्हरवारा आई थी। शनिवार रात बारात आने वाली थी। शादी की तैयारियों को पूरा परिवार अंतिम रूप देने में लगा था। इसी बीच नियति को कुछ और ही मंजूर था। सामान लेकर घर लौटते समय घर से कुछ ही दूरी पर हादसा हो गया।

### सुपर सीडर से नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ

**कटनी।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है।

### स्वरोजगार योजना के लिए कर सकते हैं आवेदन

**कटनी।** शासन द्वारा संचालित भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विनिर्माण गतिविधियों के लिए एक लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक की परियोजनाएं स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही इस योजना के तहत सेवा एवं व्यवसाय गतिविधियों के लिए एक लाख से 25 लाख रूपये तक की परियोजनाएं स्वीकृत करने का प्रावधान है। इस योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित एवं शेष ऋण पर 05 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान तथा बैंक ऋण गारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) निगम द्वारा वहन किए जाने का प्रावधान है। आवेदक एमपी ऑनलाईन माध्यम के से वेबसाइट पर अपना आवेदन कर सकते हैं। योजना में इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष हो तथा आवेदक को कक्षा 08 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके साथ ही जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, फोटो, कोटेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, वाहन के लिए वैध ड्रायविंग लायसेन्स, पेन कार्ड, बैंक पास बुक सहित अन्य दस्तावेज अनिवार्य हैं।

### स्व.कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में आयोजित में बुढार स्टार्स ने 17 तथा बुढार ट्विंकल नें 15 रनों से सराहनीय खेल प्रदर्शित कर विजेता ट्राफी पर किया कब्जा

# प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के फायनल मैच

**स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम बुढार में आयोजित प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फायनल मैच सीनियर एवं जूनियर टीम के मध्य खेला गया जिसमें बुढार स्टार्स नें 17 रनों से सीनियर वर्ग में जीत हासिल की, वहीं बुढार ट्विंकल एवं बुढार बब्लस जूनियर वर्ग के मध्य खेला गया जिसमें बुढार ट्विंकल नें 15 रनों से जीत हासिल की।**

हरिभूमि न्यूज, बुढार।




बुढार प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के फायनल मैच के शुभारंभ अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश मा. सुशील अग्रवाल एवं न्यायाधीश ऋषव दीक्षित नें उदीयमान खिलाडियों से परिचय प्राप्त किये और टॉस कराकर फायनल मैच का शुभारंभ किये।

इस अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति बुढार द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया और तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष मा. न्यायधीश सुशील अग्रवाल नें खिलाड़ियों को विधिक जागरूकता के विभिन्न न्याय बिंदुओं को समझाया तथा आवश्यकता पड़ने पर कानूनी लाभ अर्जित करनें आगे आनें की प्रेरणा प्रदान की।

प्रतिभा खोज विकास समिति से सब्बध क्रीडा भारती एवं एम.एम. क्रिकेट अकादमी के संयुक्त प्रयास से बी.पी.एल. बुढार प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के 9 वें सोपान का शुभारंभ गत 15 मई को किया गया जिसका समापन 19 मई को फांयनल मैच एवं समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ राकेश त्रिपाठी के सार्थक पहल से बुढार प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहां उदीयमान क्रिकेट खिलाड़ियों ने खेल के विविध गुणों से भरपूर लाभान्वित हुये और प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिये।

क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह वरिष्ठ अधिवक्ता कांमता प्रसाद गौतम के मुख्यातिथि तथा जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा, युवा उत्साही सामाजिक कार्यकर्ता भानु दीक्षित, राजेश चमड़ियां,श्रीमती मेघना सिंह, सी.बी. शुक्ला, रमाकांत मिश्रा, लोकेश श्रीवास्तव, मुकेश सिंह, संजू सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथ वरिष्ठ अधिवक्ता कांमता प्रसाद गौतम नें विजेता एवं उपविजेता टीम को शुभकामना देते हुये कहाकि -बुढार प्रीमियम लीग मैच में उदीयमान क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करनें तथा खेल के विविध आयामों से लाभान्वित करानें का स्वर्णिम अवसर अर्जित कराया गया है, जो प्रशंसनीय है। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ राकेश त्रिपाठी का इस दिशा में निरंतर प्रयास रहा है और खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में अग्रणी हैं, जो उपलब्धि पूर्ण है।

क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता टीम को स्व.विमला देवी सिंघानिया के स्मृति मे उनके पुत्र अमित सिंघानिया द्वारा प्रदत्त की गई चमचमाती ट्राफी, तथा मैन ऑफ़ दा सीरीज सीनियर एवं जूनियर टीम को स्व.कमलाकर सिंह के स्मृति मे उनकी पुत्री श्रीमती मेघना सिंह एवं नाती दिव्यांश सिंह द्वारा प्रदत्त की गई, जिसे मुख्यातिथ एवं अतिथियों नें दोनों टीमों को पुरस्कार प्रदान किये।

क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग मे मैन ऑफ़ दा मैच एवं सीरीज अमन त्रिपाठी रहे तथा बेस्ट बॉलर अंकित सिंह, बेस्ट बैटस्मैन बादशाह एवं जूनियर वर्ग मे मैन ऑफ़ दा मैच शार्थक सिंह, मैन ऑफ़ दा सीरीज नावायंश रहे वहीं बेस्ट बॉलर संकल्प श्रीवास्तव, बेस्ट बैटस्मैन कृष्णा रहे जिन्हें भी पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता को भव्यता दिलानें संयोजक डॉ राकेश त्रिपाठी, हेमंत सिंह, शिवांश शुक्ला, आदित्य तिवारी, सौरव तिवारी, राजन वर्मा, महेन्द्र सिंह, प्रमोद पारस, अजीत यादव, जमुना, सचिन द्विवेदी, अंकित पटेल, दामोदर उपाध्याय तथा क्रीड़ा भारती व क्रिकेट अकादमी के सदस्यों का प्रयास सराहनीय रहा।

# धनपुरी नंबर 4 के पास कवाड माफिया फिर हो रहे हैं सक्रिय

हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।

कुछ वर्षों पूर्व बंद पड़ी धनपुरी माइंस में सुरंग बनाकर कबाड़ चोरी की घटनाओं ने क्षेत्र को दहला दिया था। चोरी के इस अवैध खेल ने न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, बल्कि चार लोगों की जान भी ले ली। खदान के अंदर दम घुटने से उनकी मौत हो गई थी। यही नहीं, धनपुरी नंबर-3 ईंटा भट्टा क्षेत्र में भी इसी तरह की एक अन्य घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई थी।इन घटनाओं के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अभियान चलाया था और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाई गई थी।

लेकिन कुछ समय बाद जैसे ही कार्रवाई धीमी पड़ी, कबाड़ माफिया फिर से सक्रिय हो गए।फिर से अवैध कबाड़ कारोबारजानकारों का कहना है कि कबाड़ माफिया अब एक बार फिर से धनपुरी नंबर-4 बघड़िया स्टेज के पास दुकानें खोलकर चोरी अवैध रूप टीना टप्पर लोहा का धंधा कर रहे हैं।

दिन में यह दुकानें सामान्य कबाड़ व्यवसाय का रूप दिखाती हैं, जहां कबाड़ी प्लास्टिक या टप्पर खरीदने-बेचने की बातें करते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में तस्वीर बिल्कुल बदल जाती है।सूत्रों के अनुसार रात के समय खदान के अंदर छिपे कीमती लोहे के पाट्र्स को चोरी कर गलाया जा रहा है।चोरी का ग्राफ फिर बढ़ा, स्थानीय लोग बताते हैं कि जैसे ही यह अवैध कबाड़ दुकान दोबारा खुली, चोरी की घटनाओं में इज़ाफा देखा गया है।

चोरी का ग्राफ फिर से बढ़ने लगा है, लेकिन पुलिस की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।प्रशासन से अपेक्षा जनता का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस और प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की, तो यह अवैध गतिविधि और भी विकराल रूप ले सकती है, जिससे न केवल जान-माल की हानि होगी, बल्कि क्षेत्र में अपराध का स्तर भी बढ़ेगा।

# धनपुरी में बिजली संकट गहराया, लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।



हर रोज़ बिजली की आंख मिचौली से नाराज़ नागरिकनगर में बिजली संकट ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। उमस भरी गर्मी में बार-बार बिजली का जाना लोगों के लिए बड़ा संकट बन गया है। नागरिकों की मांग है कि बिजली विभाग इस समस्या को गंभीरता से ले और तत्काल प्रभाव से ठोस कदम उठाए।धनपुरी। पिछले कई सप्ताहों से हो रही बेमौसम बारिश और तेज़ हवाओं ने धनपुरी नगर की विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा कर रख दिया है। स्थिति यह हो चुकी है कि बिजली की आवाजाही बिल्कुल अनियमित हो गई है, जिससे नगरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बिजली की आंख मिचौली, दिन-रात नहीं चैनकभी दिन में, तो कभी रात को – किसी भी समय अचानक बिजली गुल हो जाती है। दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक लोग बिजली की आंख मिचौली से परेशान हैं। शहर के कई क्षेत्रों में रात 12 बजे से लेकर रात 1:30 बजे तक बिजली गायब रहती है, जिससे लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है।लोगों में बढ़ता आक्रोश,धनपुरी नगर में बिजली कटौती अब आम बात हो गई है। नगरवासी सवाल कर रहे हैं कि आखिर कब इस समस्या का समाधान निकलेगा? बिजली विभाग के अधिकारी भी स्थिति स्पष्ट करने में असमर्थ दिख रहे हैं। वहीं, बढ़ती गर्मी और अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।नागरिकों की मांग –शीघ्र सुधार हो बिजली की गंभीर समस्या को लेकर नगर के नागरिकों – एएसपी सिंह, सुजीत जैन, मो. साबिर, अनिल जायसवाल, आनंद मोहन जायसवाल, राम सिंह सहित कई अन्य लोगों ने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि शीघ्र कार्रवाई कर बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू किया जाए।

**लाभ से वंचित श्रमिक कार्डधारियों के लिए आज भी लगेगा शिविर**

# श्रमिक कार्डधारकों के आयुष्मान कार्ड बनाने लगाए जा रहे शिविर

हरिभूमि न्यूज कटनी

शासन निर्देशानुसार नगर निगम सीमांतर्गत निवासरत 45 वार्डों के श्रमिक कार्डधारकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन व मार्गदर्शन में वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा शिविरों के सफल आयोजन हेतु क्षेत्रीय वार्ड दरोगाओं को दायित्व सौंपे जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये है।

आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेश के तहत सोमवार 19 मई को आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित जोन कार्यालय , रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित संजीवनी क्लीनिक , पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित यूपीएचसी प्रेमनगर , रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित उपस्वास्थ केन्द्र खिरहनी , बाबू जगजीवन राम वार्ड आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 66 उडिया मोहल्ला में शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को इन वार्डो में आयोजित शिविर के दौरान निगम के वार्ड दरोगाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रमिक कार्डधारियों को वार्ड में आयोजित हो रहे शिविर स्थलों की सूचना प्रदान की जाकर शिविर के माध्यम से श्रमिक कार्डधारियों के आयुष्मान कार्ड बनानें का कार्य किया गया।

### आज पुनः लगेगा शिविर

निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार मंगलवार 19 मई को पुनः इन्ही वार्डो में शिविर का आयोजन किया जाकर आयुष्मान कार्ड की सुविधा का लाभ प्राप्त करने से वंचित कार्डधारियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि इस योजना के माध्यम प्रदेश के किसी भी शासकीय संस्थाओं एवं शासन द्वारा चिन्हित निजी स्वास्थ्य संस्था में प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार करा सकते है।

**दल प्रभारी नियुक्त कर कर्मचारियों की लगाई गई है ड्यूटी**

# वार्डों में शिविर लगाकर जमा कराई जा रही राशि, मिलेंगी बुनियादी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज कटनी



नगर की 31 मार्च 2016 के पूर्व की अनाधिकृत कॉलोनियों में निवासियों को नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु अभिन्यास प्रकाशन के उपरांत निर्धारित विकास शुल्क की राशि जमा करने की सुविधा हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में प्रारंभिक 6 वार्डो में शिविरों का आयोजन 21 मई तक प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जा रहा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेश में इंदिरा गांधी वार्ड, राम मनोहर लोहिया वार्डए रफी अहमद किदवई वार्ड और बाबू जगजीवन राम वार्ड में आयोजित होने वाले शिविरों के लिए श्री अनिल जायसवाल सहायक यंत्री एवं प्रभारी अधिकारी कॉलोनी सेल के निर्देशन में शिविर का आयोजन करने हेतु चार दल गठित करते हुए गठित दल के अधिकारी.कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार चार वार्डों में आयोजित हो रहे शिविरों में वल्लभ नगर इंदिरा गांधी वार्ड के वल्लभ नगर में आयोजित होने वाले शिविर हेतु दल प्रभारी जेपी सिंह बघेल को नियुक्त किया जाकर दल में चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार रा म म नो ह र लोहिया वार्ड के अहमद नगर में आयोजित होने वाले शिविर के लिए दल प्रभारी उपयंत्री अश्विनी पांडेय को नियुक्त किया गया है। इसी तरह बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित शारदा कॉलोनी के शिविर हेतु दल प्रभारी श्री संजय मिश्रा तथा रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित जाग्रति कॉलोनी के लिए दल प्रभारी शैलेन्द्र प्यासी को नियुक्त करते हुए दल में चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। श्री अंबिकेश तिवारी सहायक ग्रेड .3 को गठित दलों से समन्वय स्थापित करते हुए प्राप्त आवेदनों एवं दस्तावेजों का परीक्षण करनेए खसरा मिलान उपरांत विकास शुल्क की डिमांड जारी कर जमा कराई जाने वाली राशि को निगम कोष में जमा कराने के निर्देश दिए है।

निगमायुक्त श्री दुबे नें बताया कि शिविरों के माध्यम से अनाधिकृत कॉलोनी बसाहट क्षेत्र के सैंकड़ो परिवार के लोगों को विकास शुल्क की राशि जमा करनें की सुविधा उनके वार्ड में ही प्राप्त हो सकेगी। आगामी समय में नगर के अन्य वार्डों की कॉलोनियों में भी शिविर लगाकर नागरिकों को राहत प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। आपनें आयोजत होनेशिविर का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करनें का आग्रह कॉलोनी वासियों से किया है।

**रोज रंग बदल रहा मौसम, सुबह धूप तो दोपहर बाद बादलों का डेरा**

# उमस भरी भीषण गर्मी में न दिन में राहत न रात में मिल रहा सुकून

हरिभूमि न्यूज कटनी



आज कल मौसम का मिजाज सुबह शाम बदल रहा है। कभी तेज धूप रहती है तो कहीं बादल छा जाते हैं। उमस भरी गर्मी और तेज धूप से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कुछ दिनों से आसमान में बादलों की आवाजाही देखी जा रही है परंतु बारिश नहीं हो रही है। जिले के कुछ क्षेत्रों में कहीं कहीं बूंदाबादी व हल्की बारिश हुई है लेकिन यह राहत की जगह और समस्या बढ़ा रही है। आसमान पर बादल तो छाए लेकिन बरस नहीं रहे हैं, जिससे उमस बढ़ गया है और लोग बेहाल हैं। प्री मानसून की बारिश नहीं होने और मानसून में देरी से आमजन की परेशानी बढ़ गई है। मानसून के सक्रिय होने में अभी समय लग सकता है। मई महीने का दूसरा पखवाड़ा चल रहा है, गर्मी गर्मी से राहत नहीं मिली है। आगामी दिनों में नौतपा भी शुरू होने वाले हैं। हालांकि आसमान में बादल छा तो रहे हैं, लेकिन बरस नहीं रहे हैं, जिससे वातावरण में उमस बढ़ गया है।

### कूलर व पंखों से भी राहत नहीं

बढ़ती गर्मी और उमस से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। आमजन जीवन प्रभावित हो गया है, लोग डिहाइड्रेशन के शिकार हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। डिहाइड्रेशन से बचने अधिक पानी पीने की सलाह डॉक्टरों द्वारा दी जा रही है। विशेषकर बुजुर्ग और बच्चों पर इसका खासा असर दिखाई दे रहा है। पंखें-कूलर चलने के बावजूद लोगों को राहत नहीं मिली। इस बार बारिश की बेरूखी के चलते गर्मी का मौसम लंबा खींच रहा है। सुबह से ही तीखी धूप रही। वहीं वातावरण में उमस भी अपेक्षाकृत अधिक महसूस हुई। देर शाम तक लोग गर्मी से परेशान दिखे। उमस के कारण मौसमी बीमारियां बढ़ने लगी है। अस्पतालों में मरीजों की औसतन संख्या बढ़ गई है। खासकर वायरल इंफेक्शन, मौसमी बुखार के साथ डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उमस भरी गर्मी से रात में भी राहत नहीं मिल पा रही है। इस भीषण गर्मी में कूलर व पंखे की हवा भी लू की तरह निकल रही है। बिस्तर तक इतने गर्म हो जा रहे हैं कि उस पर लेटने की हिम्मत नहीं हो रही है। मौसम साफ रहने पर सूर्य की उष्ण किरणें झुलसाने लगती है। डाक्टरों का कहना है कि उमस भरी गर्मी में खानपान पर लापरवाही बरतने से भी लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। मौसम में उतार चढ़ाव होने से सर्दी, खांसी, बुखार, डायरिया, टायफाइड से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सरकारी के साथ साथ निजी क्लीनिक में भी ऐसे मरीजों की तादाद इन दिनों काफी बढ़ गई है। मौसम के साफ रहने पर सूरज की तल्ख किरणें और गर्म हवा के थपेड़े झुलसा रहे हैं। सुबह 9 बजे ही ऐसा लगने लगता है जैसे कि दोपहर के 2 बजे की धूप हो। दिन में चिलचिलाती धूप और रात में उमस भरी गर्मी से लोग बेचैन हैं। आसमान से आग बरसाने वाली तल्ख धूम व गर्म हवाएं लोगों को झुलसा रही हैं। दोपहर के समय तो घर से निकलना दूभर हो गया है। गर्मी से बचाव के लिए कहीं पर पेड़ों की छांव का सहारा लेते हुए लोगों को देखा जा रहा है। धूप व गर्म हवाओं की मार से बचने अधिकांश लोग गमछा बांधकर ही निकल रहे हैं। आसमान में बादलों के आ जाने की वजह से तेज धूप से राहत तो मिल जाती है लेकिन उमस बरकरार रहती है। रात्रि के समय भी उमस का असर बना रहता है। गर्मी के बीच मच्छरों ने भी परेशान कर रखा है। लोगों को सुकून भरी नींद भी नहीं मिल पा रही है।

### टेलर से गांजा किया गया जब्त

**कटनी।** क्राइम ब्रांच कटनी द्वारा थाना रीठी के निटर्रा ग्राम के टेलर सुनील नामदेव को गांजा बेचते पकडा गया। गांजे की शिकायतों के चलते छापा मारकर सुनीक नामदेव से 1 किलो 100 ग्राम गांजा जप्त किया। आरोपी पुडिया बना कर बेचता था। कार्यवाही में प्रभारी क्राइम ब्रांच निरीक्षक संदीप अयाची सहित आरक्षक दीपक वर्मा आर. अशोक कोल का योगदान रहा साथ ही रीठी पुलिस का सहयोग लिया गया।

### भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोग हलाकान

**बरही।** बेचैन कर देने वाले गर्मी के इस मौसम में चौपट बिजली व्यवस्था से लोग खासे परेशान हैं। तहसील अंतर्गत कुंआ व खितौली क्षेत्र में कई दर्जनों गांवों में 6 से 8 घंटे तक बिजली बंद रहती है। विद्युत आपूर्ति के चालू होने या बंद होने की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। बिजली कटौती से न तो दिन में राहत है न ही रात में नींद आ रही है। रहवासियों को भीषण गर्मी में जब बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत है इसी समय बिजली विभाग की मनमानी से ग्रामीण परेशान है। बिजली न होने की वजह से लोग घंटो घंटो गर्मी से परेशान है। रात्रि के समय विद्युत आपूर्ति बाधित रहने का चोर बदमाशों फायदा उठा रहे हैं। दूसरी ओर अंधेरा होने से जंगली जानवरों एंव जहरीले जीव जंतुओं के काटने का भी डर बना रहता है।

## 15 हज़ार रुपये के लिए पंचायत सचिव का बिक गया 'ईमान'

# लोकायुक्त टीम ने सचिव को 15 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर/जमुना।

जिले के अनूपपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत भाद सचिव बृजेश तिवारी को मंगलवार को रीवा लोकायुक्त की आधा दर्जन अधिकारी, कर्मचारियों की टीम द्वारा पुलिया निर्माण को लेकर 15 हजार रिश्वत लेते ग्राम पंचायत चुकान से रंगे हाथों पकड़ा गया है।






लोकायुक्त की रेड कार्यवाही होते ही पूरे जिले में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि भाद बृजेश तिवारी को ग्राम पंचायत चुकान का पिछले 6 माह से अतिरिक्त प्रभार में थे। पंचायत के पड़ा झोरखी मार्ग बुद्धिमान सिंह के खेत के पास बन रहे 3 लाख 70 हजार की लागत से पुलिया निर्माण के कार्य में 20 हजार की रिश्वत मांगी गई थी। पहली किस्त 5 हजार पूर्व में ली भी जा चुकी है। कार्यवाही एसईसीएल भालूमाड़ा गेस्ट हाउस में लोकायुक्त की टीम के द्वारा की गई। लोकायुक्त निरीक्षक एस राम मरावी निरीक्षक ने बताया कि भाद ग्राम पंचायत उप सरपंच शिवकुमार प्रजापति तथा राजेंद्र सोनी के द्वारा रीवा लोकायुक्त में शिकायत किया गया था कि ग्राम पंचायत सचिव बृजेश तिवारी के द्वारा भाद ग्राम पंचायत मे पुलिया निर्माण के लिए 20 हजार का रिश्वत मांगा गया था। रिश्वत की पहली किस्त 5 हजार रुपए सचिव को दे दिया गया था। आज रिश्वत की दूसरी किस्त 15 हजार लेते सचिव ब्रजेश तिवारी को रंगे हाथों लोकायुक्त के द्वारा पकड़ा गया जिसकी कार्यवाही की जा रही है। बताया जाता है कि उक्त पुलिया को एसडीओ एवं इंजीनियर द्वारा पास भी कर दिया गया था। ग्रामीणों के अनुसार सचिव द्वारा पूर्व में भी कई प्रकार की अनियमितता की जा चुकी है जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को की गई थी। कार्यवाही ना होने पर रीवा लोकायुक्त में शिकायत कर ट्रैप कराया गया।

## शिकायत पर कार्यवाही के बजाय अभयदान, सेटिंग में हो रहा खेला

# खनिज माफियाओं के लिए 'नरम' खनिज विभाग

हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर

जिले में इन दिनों खनिज माफियाओं की चांदी है इसका पूरा श्रेय खनिज अधिकारी को जाता है। आलम यह है कि देनदारों ने अधिकारियों से पूरी सेटिंग बना रखे हैं। ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र आसपास लगातार अवैध उत्खनन हो रहे हैं और इसकी पूरी जानकारी खनिज अधिकारी को होने के बावजूद भी सबको खुली छूट देकर रखा गया है। खनिज अधिकारी का कहना है कि देनदार जब अपना काम कर रहे हैं तो हम उन पर कार्यवाही कैसे कर दें। जानकारी के अनुसार खनिज अधिकारी का रवैया खनिज माफियाओं के लिए बड़ा ही नरम है। जिले के आसपास के क्षेत्र में खासकर रेत चोरी का कारोबार जमकर चल रहा है तिपान नदी हो या आसपास की छोटी नदियां दिन-रात वहां से रेत की चोरी होती है और बाकायदा मैडम इनपर कार्यवाही के बजाय अभय दान देकर रखी हैं। जिले में खनिज का भंडार है लेकिन




खनिज माफियाओं के अवैध उत्खनन को यदि नहीं रोका गया तो आने वाले समय में जिला खनिज तत्वों के लिए तरसता हुआ नजर आएगा, लेकिन यदि जिम्मेदार ही उन पर पर अपना आशीर्वाद बना कर रखें तो फिर माफिया तो और ही अपना पैर पसार देंगे।

### शिकायत के बावजूद कार्यवाही सिफर

जिले की कुछ ऐसी ही स्थिति नजर आ रही है जहां जिला खनिज अधिकारी के रवैए और बाकायदा छोटे से लेकर बड़े देनदारों से अच्छे संबंध होने के कारण जिले में लगातार अवैध उत्खनन का कार्य पनप रहा है। जिले में लगातार हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर जब खनिज अधिकारी से बातचीत की गई तो उनका कहना है कि हमने सभी को समय और जगह बांट कर रखा है। सभी नियम के अंदर ही उत्खनन कर रहे हैं ऐसे में भला जब अधिकारी ही शिकायतों पर ध्यान नहीं देंगे तो फिर अवैध उत्खनन या अवैध गतिविधियों पर कैसे लगाम लगेगा। शिकायत के बावजूद खनिज अधिकारी लगातार शिकायतों की उपेक्षा करती हुई नजर आ रही है। वही खनिज निरीक्षक को भी यदि किसी प्रकार की सूचना दी जाती है तो वह सूचना में कार्यवाही के बजाय गुमराह करती हुई नजर आती हैं।

### देनदारों की मुट्ठी में जवाबदार

जानकारी के अनुसार जिला खनिज अधिकारी और खनिज निरीक्षक दोनों ही जिले के बड़े दिनदारों और माफियाओं के मुट्ठी या कहें कि हाथ के खिलौने बने हुए हैं बताया जा रहा है की देनदार जितना देता है उतना ही उसे आशीर्वाद भी मिलता है यहां तक की खनिज निरीक्षक इशा वर्मा ने स्वयं ही स्वीकारती हैं कि देनदार आते हैं और अपना काम करके जाते हैं ऐसे में भला उनको कैसे अलग किया जा सकता है। देनदार नही आएंगे तो कैसे काम चलेगा।

### इनका कहना है

सभी को नियम से उत्खनन की अनुमति दी गई है।

**ईशा वर्मा, खनिज निरीक्षक जिला खनिज विभाग अनूपपुर**

# शराब दुकानों में बिक्री बढ़ाने प्रशासन को बंद करानी होगी कच्ची शराब

### मदिरा समूह अनूपपुर के लायसेंसी ने कलेक्टर को दिया आवेदन

अनूपपुर।

मदिरा समूह अनूपपुर के लायसेंसी वीरेन्द्र राय ने महुआ निर्मित अवैध कच्ची मदिरा पर प्रभावी नियंत्रण कराने के संबंध मे कलेक्टर अनूपपुर को शिकायती आवेदन दिया है। आवेदन मे लेख किया गया कि अनूपपुर जिले की समस्त 21 मदिरा दुकानों का निष्पादन एकल समूह के रूप में प्रार्थी के पक्ष में राशि रूपये 66,72,89,999/- में किया गया है तथा 01 अप्रैल-2025 से समस्त मदिरा दुकानों का संचालन किया जा रहा है। अनूपपुर जिले के शहरी एवं प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ से अवैध निर्मित कच्ची हाथभट्टी मदिरा का निर्माण बहुतायत मात्रा में हो रहा है तथा हाथभट्टी मदिरा, मदिरा उपभोगियों को सहज ही प्राप्त हो रही है जिससे मदिरा दुकानों की बिकी में भारी गिरावट आयी है। अवैध कच्ची मदिरा के कुछ विक्रयकर्ताओं की सूची संलग्न कर प्रेषित है, जो वास्तविक विक्रयकर्ताओं से बहुत कम है, यदि प्रत्येक गावों में कार्यवाही की जावेगी तो अधिक संख्या में अवैध मदिरा के विकयकर्ता के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किये जा सकते हैं।

पुलिस व आबकारी विभाग पर कार्यवाही नही करने का आरोप पुलिस विभाग तथा आबकारी विभाग, अनूपपुर द्वारा अवैध महुआ मदिरा के निर्माण तथा विकय में पर्याप्त नियंत्रण नहीं किया जा रहा है तथा अवैध विकय को रोकने में लायसेंसी को सहयोग भी नहीं दिया जा रहा है, इसके विपरीत प्रार्थी / लायसेंसी पर ही स्वयं कार्यवाही करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है। 01 महीने 18 दिन से बराबर आबकारी / पुलिस से निवेदन कर रहा हूं फिर भी कोई सुनवाई या कार्यवाही नहीं की जा रही है। ऐसा कोई गांव नहीं है जहां कच्ची शराब न बिकती हो। जिले में 75 प्रतिशत कच्ची शराब बेची या बनाई जा रही है। अगर इस पर कोई कार्यवाही नहीं होती है और इस पर स्थिति में हमारे लड़के की अवैध कच्ची शराब बेचने को रोकने में कोई झगड़ा होता है तो इसमें शासन की जवाबदारी होगी। अतः निवेदन है कि पुलिस विभाग तथा आबकारी विभाग, अनूपपुर को अवैध महुआ मदिरा के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कराने का कष्ट करें, जिससे मदिरा दुकानों की ड्यूटी राशि नियमानुसार जमा की जा सके। अवैध महुआ मदिरा पर प्रतिबंधात्मक एवं प्रभावी कार्यवाही ना होने की स्थिति में प्रार्थी भविष्य में मदिरा दुकानों की ड्यूटी जमा करने में असमर्थ हो जायेगा तथा मदिरा दुकानों के सरेंडर की स्थिति भी निर्मित हो सकती है। अतः निवेदन है कि उपरोक्तानुसार प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संबंधित को आदेशित करने का कष्ट करें।

# महामृत्युंजय आश्रम के विशाल सभा हाल में श्रीमद्भागवत महापुराण की चल रही कथा

### स्वप्न में भिखारी भी राजा बन जाता है स्वप्न टूटा फिर जहां का तहां-पंडित सागर मिश्रा

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।



वस्तुतः हम एक दूसरे से प्रेम नहीं करते प्रेम करते हैं हम तो उसके अंदर बैठे परमात्मा से प्रेम। मृत व्यक्ति जो पड़ा है उसे नहीं उसके अंदर जो परमात्मा है वह उसे शरीर से जा चुका है उससे प्रेम है हमारा ईश्वर तत्व से प्रेम होता है हमारे शास्त्र में बार-बार सत्य बोलने पर जोर दिया गया है जो व्यक्ति यह कहता है कि जो बोलता हूं वह मुंह पर बोलता हूं किसी को अच्छा लगे या बुरा यह उचित व्यवहार नहीं है जिससे किसी को ठेस पहुंचे ऐसा व्यवहार मत कीजिए ऐसा सत्य मत बोलिए जिस किसी का हृदय दुखित हो उक्त आशय उदगार के पंडित सागर मिश्रा नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस पर भक्त श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए रख रहे थे। कथा व्यास पीठ से पंडित सागर मिश्रा ने आगे मद भागवत पुराण कथा में कहा कि प्रिय सत्य बोलिए अप्रिय सत्य ना बोलिए ऐसा सत्य ना बोलिए जिससे किसी का दिल दुखे इसीलिए उन्होंने एक गाने का बोल से समां बांध दिया की नहीं चाहिए दिल दुखाना किसी का जो सदा ना रहा है और सदा ना रहेगा। वेदों के वचन है कि आचार्य देवो भव पितृ देवो भव मातृ देवो भव। सेवा में हेतु जुड़ा हो वह ठीक नहीं। निः स्वार्थ भाव से माता-पिता की सेवा करना चाहिए इससे भगवान प्रसन्न होते हैं सेवा से मेवा मिलता ही है। पंडित मिश्रा ने कथा में आगे कहा कि स्वप्न सच कभी नहीं होते स्वप्न में तो आदमी बहुत कुछ देखता है यहां तक की स्वप्न में भिखारी भी राजा बन जाता है, परंतु जब स्वप्न टूटता है तो वह वास्तविकता के धरातल में आ जाता है स्वप्न देखने में कोई बुराई नहीं। पंडित सागर मिश्रा ने अपने कथा के दौरान पुण्य सलिला नर्मदा नदी में स्नान के दौरान हुई पीडा.का उल्लेख करते हुए कहा कि वह डुबकी के दौरान कंधे में दर्द हुआ दवा लिया मालिश कराया लेकिन ठीक नहीं हुआ लेकिन भागवत कथा व्यास पीठ में आते ही ईश्वर कृपा से सब ठीक हो गया भागवत भगवान सब कुछ ठीक करते हैं उन पर आशा विश्वास रखिए। जन्म जन्मांतर के कृपा होती है भगवान आपके मन में अवरुद्ध होते हैं तभी भागवत कथा की प्रेरणा होती है पंडित मिश्रा ने कहा कि लेकिन किंतु परंतु हिंदी साहित्य के बहुत ही खतरनाक शब्द हैं इससे थोड़े अच्छाई भी उसकी बुराई में तब्दील हो जाता है। उक्त विचार पंडित सागर मिश्रा महाराज श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस महामृत्युंजय आश्रम के विशाल सभा हाल में भक्त श्रद्धालुओं को सुन रहे थे। उल्लेखनीय है कि श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का आयोजन पंडित नमन पांडेय एवं धर्मपत्नी श्रीमती वर्षा पांडेय के द्वारा 18 मई 25 जेठमास कृष्ण पक्ष छठ उ.षा. नक्षत्र से रविवार 26 मई 25 जेठ मास कृष्ण पक्ष चतुरदशी भरणी नक्षत्र सोमवार तक नौ दिवसीय का आयोजन कराया जा रहा है। नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में छत्तीसगढ़ प्रांत के कवर्धा मुंगेली लोरमी बिलासपुर रायपुर आदि से सैकड़ो की संख्या में पांडेय के परिजन शामिल होने हेतु आए हुए हैं। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का रसपान पाड़ा तराई के पंडित सागर मिश्रा कथा व्यास पीठ से संगीत मय धर्म भक्ति धारा का प्रवाह हो रहा है। इसके रविवार संध्या काल एवं सोमवार प्रातः काल में मृत्युंजय आश्रम से नर्मदा मंदिर परिसर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई भक्त श्रद्धालु गण माताएं बहने कलश लेकर डीजे एवं बैंड धुन के साथ भक्ति भाव के साथ नर्मदा मंदिर भजन गाते नाचते थिरकते हुए निकले नर्मदा मंदिर में पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात श्रीमद् भागवत महापुराण कथा प्रारंभ हुई।

# कलयुगी पिता ने रिश्ते को किया शर्मसार



### 12 साल की नाबालिग बेटी से तीन बार किया व्यभिचार, आरोपी पर एफआईआर के बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बदरा।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा पुलिस के द्वारा फरियादिया रोशनी साहू (परिवर्तित नाम) पति संतोष साहू (परिवर्तन नाम) उम्र 30 साल निवासी वार्ड न 19 सकोला थाना भालूमाड़ा की रिपोर्ट दर्ज कराई कि लड़की प्रीति साहू (परिवर्तित नाम) उम्र 13 वर्ष के साथ लडकी के पिता संतोष साहू (परिवर्तन नाम) पिता मोतीलाल साहू उम्र 30 वर्ष निवासी सकोला के द्वारा 19 मई को सुबह करीब 05 बजे मामा के घर ले जाने को कहकर खेत तरफ लेकर जाकर गलत काम (बलात्कार) किया है जिसमे अपराध की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपराध क्र. 213/2025 धारा 64, 65(1), 351 (3) बीएनएस 3, 4, 5L,N, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पता तलाश किया गया जो आरोपी घटना के बाद घर से फरार था जो अन्य प्रांत बैंगलोर भागने के फिराक में था जिसे साईबर सेल अनूपपुर के मदद से भालूमाडा पुलिस स्टाफ अपनी सूझ बूझ एवं अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को तत्काल 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने मे थाना प्रभारी भालूमाडा निरी संजय खलको, सहा. उप निरी. किरण मिश्रा, आर. कृपाल सिंह, स्वादेश चौहान, प्रवीण भगत तथा साईबर सेल प्र आर राजेन्द्र अहिरवार, आर. पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पीड़िता ने अपनी मां को बताई कि इसके पहले भी दो बार बलात्कार कर चुका है। उक्त घटना से आरोपी ने पिता और पुत्री के पवित्र रिश्ते को दागदार किया है।

In The Court Of Civil Judge Class-1 and Chief Judicial Magistrate, District Court, Anuppur
Presiding Officer : श्रीमती चैनवती ताराम
(MJC SUC/000008/2025)
Process Id- 41/2025
पेशी दिनांक : 25/06/2025
सुधा बाइ
Vs
उपक्षेत्रीय प्रबंधक

प्रेषिती
(1) अन्य

यह कि प्रार्थी सुधा बाइ ने आपके विरूद्ध पेपर प्रकाशन के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 08-5-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**कृपया ध्यान**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा:

सील

न्यायाधीश
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
अनुपपुर म.प्र.

# जिले में 18 पुलिस कर्मियों का तबादला, पांच थाना प्रभारियों के बदले प्रभार



अनूपपुर। जिले में पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने एक साथ 18 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इसमें 5 नगर निरीक्षक, 5 उप निरीक्षक, 3 सहायक उप निरीक्षक, 2 प्रधान आरक्षक और 3 आरक्षक शामिल हैं। तबादलों में 5 थाना प्रभारियों के प्रभार बदले गए हैं। नगर निरीक्षक सुंदरेश सिंह मरावी को थाना चचाई की जिम्मेदारी दी गई है वहीं, कोतमा थाना अब रत्नांबर शुक्ला संभालेंगे। चचाई प्रभारी रहे राकेश उइके को महिला थाना भेजा गया है, जबकि विरेन्द्र बड़कड़े को राजेन्द्रग्राम से अनूपपुर आजाक और एसपी शुक्ला को पुलिस लाइन से राजेन्द्रग्राम थाना प्रभारी बनाया गया है। लाइन अटैच किए गए अधिकारियों में उप निरीक्षक विपुल शुक्ला (थाना जैतहरी), डीएस बागरी (कोतमा), उदित नारायण मिश्रा (बिजुरी), सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह (कोतमा), चंद्रहास बांधेकर (कोतवाली), प्रधान आरक्षक अरविंद सिंह (जैतहरी), मनोज नामदेव (कोतमा) और आरक्षक मनोज गुर्जर (जैतहरी), चक्रधर तिवारी (डीसीबी अनूपपुर), मनोज उपाध्याय (रामनगर) शामिल हैं।






## खबर संक्षेप

### पंडित राम गोपाल तिवारी कॉलेज ऑफ लॉ को मिली LLM की मान्यता

अनूपपुर। पंडित राम गोपाल तिवारी कॉलेज ऑफ लॉ को विधि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के संचालन की मान्यता मिल गई है। इस संबंध में कॉलेज के संचालक डॉ. देवेंद्र कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित विश्वविद्यालय पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल और बार काउंसिल ऑफ इंडिया से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। डॉ. तिवारी ने बताया कि यह मान्यता कॉलेज की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट अधोसंरचना और अनुभवी संकाय के कारण संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि LLM की पढ़ाई के लिए अब छात्रों को अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह मान्यता क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और विधि शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने बताया कि अब कॉलेज में विधि स्नातक (LLB) के बाद छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए यहीं पर LLM की पढ़ाई भी कर सकेंगे। यह मान्यता कॉलेज की गुणवत्ता, अधोसंरचना और विधि शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। डॉ. तिवारी ने इसे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि इससे उन्हें स्थानीय स्तर पर ही उत्कृष्ट विधि शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। नगरवासियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय परिवार को बधाइयाँ दी हैं और इसे क्षेत्र की शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



अनूपपुर। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार 20 मई को ग्राम पंचायत सेन्दुरी, ग्राम पंचायत पटनाकला एवं ग्राम पंचायत सोनमोहरी, जिला अनूपपुर में नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016, एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना 2016, गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाऐं योजना 2015 एवं आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाऐं योजना 2015 के विषय पर कानूनी जानकारी देने हेतु विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल ने शिविर में उपस्थित होकर उक्त विषयों पर विस्तार से लोगों को अवगत कराया तथा निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, मध्यस्थता योजना एवं अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान शिविर में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल विकास शुक्ला, पैरालीगल वालेंटियर कु0 प्रीति श्रीवास्तव एवं जिला प्राधिकरण के कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई तक

अनूपपुर। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से फार्म भरे जा रहे है। फार्म 21 मई 2025 तक रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून 2025 तक और हाई सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर होगी। परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

### दिव्यांगों को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट

अनूपपुर। राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जाएगा। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।